भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3322**

जिसका उत्तर सोमवार, 16 दिसंबर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया

**जन समर्थ पोर्टल के उद्देश्य**

3322. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लाभार्थियों को ऋणदाताओं से सीधे जोड़ने के लिए शुरू किए गए जन समर्थ पोर्टल का ब्यौरा क्या है;

(ख) इसके अंतर्गत उद्देश्य और घटक क्या हैं; और

(ग) इस संबंध में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी प्रगति हुई है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क):** जन समर्थ पोर्टल का शुभारंभ दिनांक 06.06.2022 को ऋण सहबद्ध सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करने हेतु किया गया था। इसकी शुरुआत से अब तक पोर्टल पर कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यावसायिक कार्यकलाप, आजीविका और शिक्षा आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली 15 ऋण सहबद्ध सरकारी योजनाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**(ख):** जन समर्थ पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सरल और सहज डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से मार्गदर्शन करके और उन्हें उपयुक्त प्रकार के सरकारी लाभ प्रदान करके विभिन्न क्षेत्रों की समावेशी वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है। इस पोर्टल में सब्सिडी पात्रता की जांच के लिए लाभार्थियों को सहज मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु अत्याधुनिक तकनीकों और स्मार्ट एनालिटिक्स का उपयोग किया गया है और इसकी स्व:संस्तुति प्रणाली लाभार्थी की आवश्यकताओं और ऋण के लिए साख (क्रेडेंशियल्स) के अनुसार सर्वोत्तम उपयुक्त योजनाएं उपलब्ध कराती है।

"जन समर्थ" पोर्टल के मुख्य घटक इस प्रकार हैं:

(i) यह विभिन्न हितधारकों जैसे लाभार्थियों, वित्तीय संस्थानों, केंद्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और नोडल एजेंसियों को एक साझा मंच पर जोड़ता है।

(ii) यह पोर्टल 8 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है और 200 से अधिक सदस्य ऋणदात्री संस्थानों (एमएलआई) को पोर्टल पर शामिल किया गया है।

(iii) यह पोर्टल भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और स्थानीय सरकार निर्देशिका (एलजीडी) आदि के साथ एकीकृत है।

(ग): (इसकी शुरूआत से 5 दिसंबर 2024 तक) की गई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

******

**अनुबंध-I**

दिनांक 16.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3322

**जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्राप्त आवेदन (दिनांक 05.12.2024 तक) |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,208 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 45,869 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 938 |
| 4 | असम | 54,375 |
| 5 | बिहार | 61,833 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3,234 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 12,723 |
| 8 | दादर और नगर हवेली और दमन और दीव | 330 |
| 9 | दिल्ली | 17,006 |
| 10 | गोवा | 1,168 |
| 11 | गुजरात | 54,898 |
| 12 | हरियाणा | 21,081 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 4,418 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 2,512 |
| 15 | झारखंड | 25,725 |
| 16 | कर्नाटक | 86,102 |
| 17 | केरल | 93,693 |
| 18 | लद्दाख | 10 |
| 19 | लक्षद्वीप | 64 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 50,802 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1,32,271 |
| 22 | मणिपुर | 4,704 |
| 23 | मेघालय | 2,846 |
| 24 | मिजोरम | 1,737 |
| 25 | नागालैंड | 3,093 |
| 26 | ओडिशा | 49,074 |
| 27 | पुडुचेरी | 1,631 |
| 28 | पंजाब | 20,300 |
| 29 | राजस्थान | 44,934 |
| 30 | सिक्किम | 418 |
| 31 | तमिलनाडु | 79,737 |
| 32 | तेलंगाना | 26,763 |
| 33 | त्रिपुरा | 4,653 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1,37,104 |
| 35 | उत्तराखंड | 12,649 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 53,421 |
| **कुल योग** | | **11,13,324** |

***